अपराध | पुलिस ने कहा पकड़ो कान, बदमाश ने झटक दिया हाथ

# गैंगस्टर ने सरेराह दिखाई पुष्पा वाली अकड़





**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत कांचघर में 31 मार्च को हुए गोली कांड में फरार गैंगस्टर को घमापुर पुलिस ने नागपुर से दबोचा। शहर लाने के बाद सोमवार को पुलिस उसे उन गलियों में ले गई जहां उसने दशतगर्दी फैलाई थी। पुलिस की मंशा अपराधी के मन में कानून का डर पैदा करने और मोहल्ले में उसका डर खत्म करने की थी। पुलिस ने सोचा था कि सिंघम वाला सीन क्रिएट करेंगे, लेकिन बीच सड़क पर पूरी स्क्रिप्ट ही बदल गई। सड़क किनारे खड़ी जनता पुलिस की सिंघम गिरी देखने आई थी, लेकिन उन्हें बदमाश की पुष्पा वाली अकड़ देखनी पड़ गई। हालांकि पुलिस का इरादा नेक था, सोचा था बदमाश से बीच सड़क पर कान पकड़वाकर तौबा-तौबा करवाएंगे और जनता तालियां बजाएगी। लेकिन जैसे ही पुलिसकर्मी ने उसे झुकने और अपराध न करने कसम खाने का इशारा किया, कान पकडक़र चलने कहा तो बदमाश ने अपनी अकड़ दिखाई और पुलिस कर्मियो का सरेराह हाथ झटक दिया और कान पकडऩे से मना कर पुलिस को चुनौती देता नजर आया। इस दौरान उसके चेहरे पर पछतावे की एक शिकन तक नहीं दिखी। बदमाश की यह अकड़ चर्चा का विषय बन गई। बाद में पुलिस ने उसकी सारी हेकड़ी निकाली और पैदल घुमाकर उसका जुलूस निकाला। इसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। एनएसए में आरोपित बाबू सिंधी को सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

### 24 की उम्र में 22 जुर्म किए-

कृष्णा हासवानी उर्फ बाबू सिंधी पिता झम्मटमल हासवानी निवासी सिंधी गुरूद्वारा के पास थाना घमापुर का कुख्यात बदमाश है जो 24 की उम्र में 22 जुर्म कर चुका है। हत्या के प्रयास, रंगदारी समेत अन्य मामले उसके खिलाफ पूर्व से दर्ज है। जिसका आपराधिक रिकॉर्ड देखते हुए उस पर रासुका लगाने पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया था। इसके बाद कलेक्टर ने उसके खिलाफ एनएसए वारंट भी जारी किया था।

### गोलीकांड के बाद हो गया था फरार

विदित हो कि चांदमारी निवासी यश थोराट 31 मार्च रात करीब 9:15 बजे साथी बिन्नू उर्फ निखिल श्रीवास और चीकू उर्फ सौम्य सिंह के साथ मयूर कला मंदिर के पास खड़ा था तभी एक्सिस स्कूटी पर बाबू उर्फ कृष्णा हासवानी और निखिल उर्फ कंजा सिंधी पहुंचे। यश को देखते ही पुरानी रंजिश के चलते बाबू ने पिस्टल से फायर किया था। वहीं दूसरे पक्ष से लकी यादव निवासी उडिय़ा मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि निखिल कंजा और बाबू सिंधी वहां पहुंचे और आपस में बातचीत करने लगे। यश थोराट आया और बाबू सिंधी के साथ विवाद करने लगा था। यश थोराट न पिस्टल निकालकर फायर कर दिया था। गोली निखिल कंजा को लगी थी। मामले में काउंटर केस दर्ज हुआ था। इसके बाद से बाबू सिंधी समेत अन्य फरार हो गए। बाबू को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया।

## आयुध निर्माणी खमरिया के प्रवेश द्वार के पास पहुंचा मगरमच्छ

▶ कर्मचारियों में दहशत, मची अफरा तफरी



**नवभारत, जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया में सोमवार रात 9 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया जब रात की शिफ्ट में निर्माणी निर्माणी प्रवेश के समय बीच सड़क में मगरमच्छ बैठ गया। सड़क में मगरमच्छ देख कर्मचारियों के होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल प्रबंधन को सूचना दी। जानकारी के अनुसार आयुध निर्माणी खमरिया में द्वार क्रमांक 3 से निर्माणी प्रवेश करते समय रास्ते के दोनों तरफ तालाब मौजूद है, जहां पर निर्माणी एवं स्टेट एरिया में पानी की आपूर्ति के लिए पानी स्टोर किया जाता है, मगर बीते कुछ वर्षों परियट जलाशय से पाइप लाइन के माध्यम से तालाब में प्रवेश कर गए, एवं समय के साथ साथ वो अब बड़े हो चुके हैं, वन विभाग द्वारा कई बार इन्हें पकड़ने का प्रयास भी किया गया परन्तु एक मगरमच्छ ही हाथ लग सका। अब ये मगरमच्छ एक तालाब से दूसरे तालाब जाने के लिए रास्ते का प्रयोग करते है, जिससे कर्मचारी निर्माणी में प्रवेश करते है। पहले कर्मचारियों ने जब इसे देखा तब यह बीच सड़क में बैठा था, लेकिन जब धीरे धीरे कर्मचारियों की संख्या बढ़ने लगी तब, तब वह डर के भागने का प्रयास किया और जाली में जाकर वह फंस गया। जिसके बाद वन विभाग के अमले को सूचना दी गई। इस संबंध में ओ एफ के के अर्नबदास गुप्ता ने बताया कि अचानक निर्माणी के गेट की सड़क में मगरमच्छ का आना बेहद गंभीर है, वन विभाग को इसके लिए कोई ठोस कदम उठाने चाहिए।

## ई-रिक्शा चालक पर चाकू से हमला

**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल में ई-रिक्शा चालक से बदमाश ने कोर्ट केस के खर्च का हवाला देते हुए न केवल अड़ीबाजी की, बल्कि मना करने पर चेहरे पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हनुमानताल स्थित बड़े जैन मंदिर के पीछे रहने वाले 55 वर्षीय संजीव कुमार ई-रिक्शा चालक हैं। संजीव का आरोपी अर्जुन उर्फ लालू सोनी से पुराना विवाद चला आ रहा है। इससे पहले आरोपी ने संजीव के घर के नीचे खड़े उनके ऑटो में आग लगा दी थी, जिसका मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। इसी रंजिश को लेकर आरोपी लगातार संजीव पर दबाव बना रहा था। बीती रात लगभग 8 बजे संजीव अपना ई-रिक्शा चार्ज करवाने के लिए गोल्डी की दुकान की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे हरी मजार के पास पहुँचा अर्जुन सोनी ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने चिल्लाते हुए कहा तूने जो केस लगाया है, उसमें मेरा बहुत पैसा खर्च हुआ है, अब मुझे 2 हजार रुपये दे। जब संजीव ने रुपये देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी अर्जुन ने अचानक चाकू निकाला और संजीव के दाहिने गाल पर हमला कर दिया, जिससे वे लहूलुहान हो गए। जाते-जाते आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

## हरियाणा गैंग ने की थी गड़ा धन का लालच देकर 1.60 करोड़ की ठगी, दम्पति ने बेटों के साथ बुना था ठगी का जाल, चारों गिरफ्तार

**1.55 करोड़ नकद, 20 किलो नकली गोल्ड, 84 ग्राम असली सोना, 11 मोबाइल जब्त**





**नवभारत, जबलपुर।** राइट टाउन निवासी एक डॉक्टर और उनके बेटे समेत तीन लोगों को शातिर ढग परिवार ने अपनी जालसाजी का शिकार बनाते हुए करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये ठग लिए थे। ठगों ने खुद को गरीब बताकर गड़ा हुआ सोना कम कीमत पर बेचने का झांसा देकर चूना लगा दिया था। मामले में क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की तो ठगी करने वाली गैंग हरियाणा की निकली। पति-पत्नी ने बेटों के साथ ठगी का पूरा जाल बुना था। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से 1 करोड 55 लाख नगद, 84 ग्राम असली सोने की गिन्नियां एवं 20 किलो नकली गिन्नियां, 11 मोबाईल जप्त किया गया है। इसका खुलासा सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने किया है।

उन्होंने बताया कि राइट टाउन निवासी डॉक्टर का क्लीनिक है जहां करीब दो महीने पहले सोनू उर्फ वीरेंद्र प्रजापति नाम का व्यक्ति इलाज कराने क्लिनिक आया था। उसने डॉक्टर का विश्वास जीता और बताया कि उसे कहीं से भारी मात्रा में गड़ा हुआ सोना मिला है। वह गरीब है और इसे बाजार में नहीं बेच सकता, इसलिए वह कम कीमत पर डॉक्टर को यह सोना देने को तैयार है। सोनू ने डॉक्टर को सैंपल के तौर पर एक सोने का सिक्का दिया था। डॉक्टर ने जब अपने सुनार से इसकी जांच कराई, तो सिक्का 75 प्रतीशत शुद्ध सोने का निकला। इसके बाद सोनू ने अपने पूरे परिवार को इस साजिश में शामिल किया। दावा किया कि उसके पास 7-8 किलो सोना है, जिसे वह 15 लाख रुपये प्रति किलो के हिसाब से देगा। सौदा तय होने के बाद 5 मार्च 2026 को सोनू और उसका पिता पन्ना लाल डॉक्टर के क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने डॉक्टर को 5 किलो सोना भरा बैग दिया और बदले में 50 लाख रुपये नकद ले लिए। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब 1 अप्रैल 2026 को डॉक्टर को पता चला कि उन्हीं लोगों ने उनके बेटे के साथ भी 10 लाख रुपये की ठगी की है। शक होने पर डॉक्टर ने जब खरीदे हुए सोने की दोबारा जांच कराई, तो पूरा सोना असल में पीतल के टुकड़े निकले। इसी प्रकार। एक अन्य पीड़ित को भी गडा धन का प्रलोभन देकर एक करोड रुपये की ठगी की गई थी।

### झांसी से पकड़कर शहर लाई टीम

तीनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज करने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह एवं क्राईम डीएसपी उदयभान बागरी के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी शैलेश मिश्रा के नेतृत्व में क्राईम व सायबर की टीम गठित की गई। इसके बाद तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के झांसी में होने की जानकारी मिलने पर तत्काल टीम झांसी पहुंची इसके बाद चारों को गिरफ्तार शहर लाया गया।

### रिमांड में पूछताछ, किराए के मकान में रखा था करोड़ा का माल

पुलिस ने आरोपित पन्नालाल राठोर पिता गंगाराम राठौर (60), रानमादेवी (52) समेत उनके दोनों बेटों धर्मेन्द्र (34), वीरेन्द्र (30), सभी निवासी छज्जूमल रोड थाना आदर्शनगर बल्लभगढ जिला फरीदाबाद (हरियाणा) को न्यायालय में पेश किया और उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि उन्होंने और कितने लोगों के साथ ठगी की है। पूछताछ पर चारों ने ठगी करना स्वीकार करते हुये बताया कि उन्होंने पनागर में किराये का मकान लिया था जहां वे रह रहे थे बल्कि करोड़ा का माल भी उन्होंने यहां छिपाकर रखा था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### एक नजर में



## छोटे किसानों के गेहूं की पहले खरीदी की जायेगी

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें रबी उपार्जन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही उपार्जन में सभी विभागों के दायित्वों के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि रबी उपार्जन के लिए केन्द्रों व गोदाम का निर्धारण सुनिश्चित कर लिया जाये। पंजीयन का रिवेरिफेकेशन करें, जिसमें सभी सिकमी कृषकों का भी सत्यापन सुनिश्चित करना है। इसके लिए कलेक्टर ने सभी एसडीएम व तहसीलदार को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शीघ्र-अतिशीघ्र उपार्जन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर सिंह ने कहा कि गेहूं उपार्जन 15 अप्रैल से शुरू होगा और इसमें छोटे किसानों की गेहूं पहले खरीदी जायेगी। बैठक के दौरान गेहूं उपार्जन के नोडल अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, डीएम नॉन, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश, मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन, उप संचालक कृषि, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा एनआईसी की टीम सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## स्वच्छता अभियान में पमरे अव्वल

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान स्क्रैप (कबाड़) निपटान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पार कर लिया है। मंडल द्वारा ई-नीलामी के माध्यम से कुल 111.21 करोड़ की आय अर्जित की गई, जो निर्धारित 110 करोड़ के लक्ष्य से अधिक है। यह उपलब्धि पारदर्शी ई-नीलामी प्रक्रिया, कुशल संसाधन प्रबंधन तथा रेलवे परिसंपत्तियों के इष्टतम उपयोग के प्रति मंडल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, स्वच्छता विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत स्क्रैप निपटान में जबलपुर मंडल ने पश्चिम मध्य रेलवे में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पमरे की कुल 51.70 करोड़ की स्क्रैप बिक्री में जबलपुर मंडल का योगदान 17.76 करोड़ रहा, जो कुल बिक्री का 34.35 प्रतिशत है। यह योगदान पमरे की सभी इकाइयों में सर्वाधिक है।यह उत्कृष्ट प्रदर्शन मंडल द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने, अनुपयोगी एवं अप्रचलित सामग्रियों के समयबद्ध निपटान, रेलवे परिसरों में मूल्यवान स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सतत संपत्ति प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए किए गए प्रभावी प्रयासों को प्रतिबिंबित करता है।

## ग्राहक बन पहुंचे चोर ने गल्ले से पार कर दिए हजारों

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थान अंतर्गत गंजीपुरा में गणेश मंदिर के पास स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं जनरल स्टोर में ग्राहक बनकर घुसे युवक ने गल्ले में रखे 27 हजार 900 रुपये पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनमोहन नगर निवासी अंकित अग्रवाल (42) की गंजीपुरा में दुकान है। अंकित जब भोजन करने घर गए थे और दुकान पर उनके बुजुर्ग पिता मौजूद थे तभी एक अज्ञात युवक दुकान पर पहुँचा और लाईटर दिखाने की मांग की। जैसे ही अंकित के पिता युवक को लाईटर देने के लिए दुकान के अंदर की ओर मुड़े, मौका पाकर युवक ने गल्ले में हाथ साफ कर दिया। गल्ले में माल के भुगतान के लिए रखे गए बिक्री के 27,900 रुपये लेकर आरोपी पलक झपकते ही रफूचक्कर हो गया। अंकित जब दुकान लौटे और हिसाब मिलाया, तब उन्हें चोरी का पता चला।

# आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान जरूरी : राघवेन्द्र सिंह

**कलेक्टर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश**



**नवभारत, जबलपुर।** समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता से और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण समाधान पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने और 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। बैठक में 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित जबलपुर प्रवास की तैयारियों की समीक्षा की गई। उनके कार्यक्रमों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान, कृषि मंथन, भूमिपूजन, और विभिन्न सामाजिक-धार्मिक आयोजनों में सहभागिता शामिल है।


### रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू करने निर्देश

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए नगरीय क्षेत्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को तेज़ी से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही, नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही बैठक में गेहूं उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों के सत्यापन कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, नरवाई जलाने पर प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की बात कही गई।

### बाल विवाह रोकने टीम होगी गठित

बैठक में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला, खंड और ग्राम स्तर पर टीम गठन के निर्देश दिए गए। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तैयारी करने को कहा गया।

# छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार पर भड़की एनएसयूआई



**मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग**

**नवभारत, जबलपुर।** छात्राओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार और प्रकरण दबाने के प्रयास के खिलाफ एनएसयूआई का आक्रोश भड़क उठा है। सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एन.एस.यू.आई.) जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन संभागीय आयुक्त जबलपुर संभाग को सौंपा और उक्त प्रकरण में तत्काल कार्यवाही करने की मांग की। इस संबंध में सचिन रजक ने बताया कि पूरा मामला जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित कन्या छात्रावास, राइट टाउन, जबलपुर से संबंधित है, जिसमें छात्राओं ने छात्रावास अधीक्षिका द्वारा दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा के प्रयोग तथा बुनियादी सुविधाओं के अभाव जैसी गंभीर शिकायतें शामिल हैं।

### छात्राओं को किया जाए संरक्षण प्रदान

एन.एस.यू.आई. के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने शासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी छात्रावास अधीक्षिका, संबंधित सहायक आयुक्त एवं जांच दल के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उनके शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या निष्कासन की धमकी से संरक्षण प्रदान किया जाए। ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, नीलेश माहर, राहुल रजक, अनिल मिश्रा, वरूण यादव, अर्पित सोनकर, अभिषेक दहिया, आकाश सेन, जयसूर्या मिश्रा, सहित छात्र उपस्थित थे।

बैठक | संभागायुक्त ने समीक्षा बैठक में समयसीमा में लक्ष्य पूरा करने पर दिया जोर

# एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के निर्देश



**नवभारत, जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने सोमवार को संभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों और समयावधि पत्रों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का निराकरण तय समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए संभागायुक्त ने सभी जिलों में निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गेहूं उपार्जन कार्य भी शासन के निर्देशानुसार समयसीमा में पूरा करने को कहा। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों को अपने आवंटित क्षेत्रों में साप्ताहिक भ्रमण अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना के तहत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता और मत्स्य विभागों को अपने-अपने लक्ष्यों की पूर्ति के साथ पोर्टल पर नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया।

### कई मुद्दों पर हुई चर्चा

बैठक में सामाजिक न्याय, उच्च शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और पेंशन से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सीएम हेल्पलाइन और लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए गए। संभागायुक्त ने छात्रवृत्ति वितरण समय पर करने और ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## संविदा, आउट सोर्स कार्मिकों को करें नियमित : राकेश पाठक

**ऊर्जा विभाग नियमित, कंपनी कैडर कार्मिकों, पेंशनर्स की समस्यायों का समाधान करे**

**मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री को पत्र प्रेषित कर की गई मांग**

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की आयोजित बैठक में संविदा कर्मियों व आउट सोर्स कर्मचारियों को नियमित, संविलयन करने एवं नियमित कर्मचारियों की, कंपनी कैडर कार्मिकों और पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए सभी की सहमति से मांगें निर्धारित की गईं। और साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा एवं सीएम डी एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी को मांग पत्र प्रेषित किया गया। इस मौके पर फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि प्रमुख विद्युत क्षेत्र की बिजली कम्पनियों में 15 वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारी नियमित रिक्त पदों के रिक्तियों के आधार पर काम कर रहे है। इन्हें बिना किसी परीक्षा के अनुभव के अधार पर नियुक्ति दिनांक से नियमित, संविलयन किया जाए। इसी तरह बिजली कम्पनियों में 15 वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को भी नियमित किया जाए।

बैठक के दौरान फेडरेशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, महामंत्री राकेश डी पी पाठक, उमाशंकर मेहता, एन के यादव, बी एस राठौर, रामेश्वर गांगे, आर के कौशिक, अवसार अहमद, गोपाल चौहान, कार्तिक शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह यादव सहित अनेक जनों ने फेडरेशन के इतिहास और कर्मचारियों, पेंशनर्स की समस्यायों पर विस्तृत विचार रखे।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में फेडरेशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, महामंत्री राकेश डी पी पाठक, उपाध्यक्ष उमाशंकर मेहता, बी एस राठौर, जोनल सचिव एन के यादव, रामेश्वर गांगे, आर के कौशिक, अवसार अहमद, सूरज मल आर्य, गोपाल चौहान, जे एल जोशी, प्रवक्ता मदन वर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, सुनील पटेल, प्रियंका यादव जी कार्तिक शर्मा, पुष्पराज सिंह, मिश्रा, ए के पांडे, डी के माथुर, सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन के पदाधिकारी गण, सदस्य गण उपस्थित रहे।